तीसरा प्रश्न यह है कि हिन्दुस्तान में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए दो कमीशन बने हैं और इस देश का यह सौभाग्य भी रहा कि इन दोनों कमीशनों के हेड इस देश के [illegible] शिक्षा शास्त्री रहे हैं। उन कमीशनों ने शिक्षा के संबंध में पुस्तकों की कैसे छपाई की जाय, उनमें क्या-क्या पाठ्यक्रम डाला जाय, इस बारे में जो सुझाव दिये है, क्या एन सी ई आर टी, जब अपनी किताबें बनाती हैं तो उनके [illegible] उन सुझावों का समावेश करती है [illegible] नहीं? और उसी के साथ चौथा [illegible] है, आपने बड़ी चालाकी से दूसरे पैराग्राफ में कहा है कि जो जरूरत [illegible] उसके मुताबिक किताबें छाप दी [illegible] आपने यह नहीं बताया कि [illegible] किसकी जरूरत है क्योंकि हिन्दुस्तान के संविधान के तहत चौदह भाषाएं [illegible] राज्यों में पढ़ाई भाषाओं में [illegible] त्रि भाषायी फार्मूला आपकी सरकार का नियम है।

तो क्या जिन राज्यों में [illegible] भाषाओं की किताबें चाहिए एन सी ई आर टी उनको कतनी-कितनी [illegible] दार की किताबें उन राज्यों [illegible] के लिए चलाई हैं ?

यह उसी के साथ चौथा प्रश्न है तो मेरे सिर्फ चार सुझाव है।

श्री उपसभापति : वह दोहराने की जरूरत नहीं है।

श्री लाडली मोहन निगम : [illegible] पांचवा सवाल —दाम वाला प्रश्न यह है कि आपने कहा कि बिना घाटे और मुनाफे के हम इसको चलाते है।

उपसभापति जी, हो यह रहा है कि इनको जबरदस्ती दाम इस वास्ते छापने पड़ते हैं--क्या यह सही नहीं है कि आप अपनी कुछ किताबें गैर-सरकारी, माने व्यक्तिगत प्रेसों में छपवाते है। आपने आर्डर दिया एक लाख चार हजार कापियां छापने का और प्रिंटर एक लाख कापियां आपकी छापता है। वह जानता है कि आपकी वितरण व्यवस्था जो है, उसमें कितनी देर लगेगी। आपके पास कोई नियंत्रण नहीं है कि वह एक लाख से डेढ़ लाख कापियां न छापे, और वह पचास हजार कापियां छाप करके बाजार में फेंक देता है। हालत यह है कि आपकी छापी हुई किताबें गोदामों में पड़ी रहती हैं और तब झक मार करके उनका दाम बढ़ जाता है, खर्चा बढ़ जाता है और आपको दाम बढ़ाने पड़ते हैं।

तो क्या जो व्यक्तिगत प्राईवेट छापेखाने में आप किताबें छपवाते हैं, उसमें क्या इस बात का नियंत्रण है, कोई आपके पास कानून है कि वह किताब वही आदमी, उसी तरीके की किताब नहीं छाप सकता और क्या आपके पास कोई ऐसा तरीका है इस बात का पता लगाने के लिए अगर वह किताब छप गई है--जिसको कहना चाहिए दौहरी किताब जैसे काला धन चलता है इसी तरह बाजार में शिक्षा के क्षेत्र में किताबों में भी दौहरी किताबें चल रही हैं। इसकी रोकथाम के लिए आप क्या कर रहे हैं?

श्रीमती शीला कौल : मान्यवर, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहती हूं कि एन०सी० ई० आर० टी० कोई पब्लिशिंग हाउस नहीं है। यह जो किताबें प्रोटो-टाइप बनाते हैं, न इसके उपर कोई कापीराइट है। अगर कोई प्रांत एन०सी० ई० आर०टी० की किताबें छापना चाहे, तो वहां की सरकार उन किताबों को छाप सकती हैं और हम इतनी किताबें नहीं बनाते हैं कि अगर मख्तलिफ स्टेट्स को--जैसा मैंने पहले भी कहा था कि हमारे एन०सी०ई०आर०टी० में खाली कुछ स्कूल्ज के लिए, जो खास-खास मैंने बताया था जोकि पहले से उनके लिए आर्डर देते हैं, लेकिन यह जो स्टेट्स हैं, यह अपने किस्म की किताबें छापते हैं और जो लोकल वातावरण हैं, उसका बीच में डाल करके किताबों को बनाते हैं और अगर यह चाहते हैं कि एन० सी०ई०आर०टी० की जो किताबें हैं, उनमें स कोई टापिक लेना चाहें, तो उनको पूरी इजाजत हैं। इसमें एन०सी०ई०आर० टी० कोई दखल नहीं देती है।

आपने और क्या फरमाया था?

श्री लाडली मोहन निगम : मैंने कहा था कि विभिन्न भाषाओं की, उर्दू की कितनी किताबें छपी हैं, तेलुगु की कितनी छपी हैं। इस मामले में आप...(व्यवधान)

मैंने आपसे पहले भी कहा था कि जो प्राइमरी एजूकेशन कमीशन बना था... (व्यवधान) और आचार्य नरेन्द्र देव की अध्यक्षता में, उनकी जो रेकोमेंडेशन्स थी, क्या उनको आधार रख कर के एन० सी० ई० आर०टी० किताब बनाता है और जो गांधी जी का जो बेसिक ऐजुकेशन कमीशन था, उसके आधार पर बनाता है उसका समावेश है या नहीं?... (व्यवधान)

श्री गुलाम रसूल मटटो : उर्दू की किताबें नहीं मिलती हैं। माफ करियेगा, मैं भूल गया था। हमारे यहां उर्दू की किताबें नहीं मिलती हैं।

श्रीमती शीला कौल : उर्दू की किताबों के बारे में जो हमारे पास इन्फोरमेशन

है, वह यह है कि 72 टाइटल्स जो इस कैटेगरी में है छापने के लिए, उनमें से 65 टाइटल्स छप चुके हैं और बाकी जो हैं, वह छपने के प्रौसेस में हैं। मट्टो साहब ने जो फरमाया... अब तो वह सुन ही नहीं रहे हैं।

श्री उपसभापति : अब उधर बात करने लग गये।

श्रीमती शीला कौल : तो मैं बताना चाहती हूं कि 65 उर्दू की किताबें छप चुकी हैं।

श्री उपसभापति : एजूकेशन कमीशन की जो पब्लिशिंग के बारे में रेकोमेंडेशन्स थीं, वह बात कह रहे हैं।

श्री लाडली मोहन निगम : इस देश में एजूकेशन पर एक कमीशन बना, सैकंडरी एजूकेशन पर एक कमीशन बना, जिसके कि दोनों विगत राष्ट्रपति उसके अध्यक्ष रहे हैं। उन्होंने भी सुझाव दिया है कि हिन्दुस्तान में विद्यार्थियों के लिए प्राइमरी और सैकण्डरी एजूकेशन के लिए कैसी किताबें बननी चाहिएं और उनको एन०सी०ई०आर०टी० में जब आप किताबें तैयार करते हैं, तो उन सुझावों को उनमें अमल में ला रहे हैं कि नहीं, यह छोटा सा प्रश्न है?

श्रीमती शीला कौल : मान्यवर ऐसा है कि पिछले दिनों में एक जानकारी ऐसी मिली थी कि जो पहले की किताबें थी उनमें कुछ ऐसे टॉपिक्स डाल दिए गए थे जो कि राष्ट्रीय एकता के लिए या और बातों के लिए मुनासिब नहीं था। तो इसलिए अब किताबों के ऊपर रेव्यू किया जा रहा है और रेव्यू करने पर वहां के जो एक्स्पर्टस हैं वे उसमें नए टापिक्स और नए सबजेक्ट्स डाल रहे हैं जिससे ये किताबें ज्यादा मुफीद होंगी हमारे बच्चों के इस्तेमाल के लिए ...(व्यवधान)

श्री लाडली मोहन निगम : मेरे कथन का मतलब प्रांतीय सरकारें . . .

श्री उपसभापति : वह तो उन्होंने पहले बता दिया है ...(व्यवधान) उन्होंने, कहा, राज्य सरकारें चाहें तो टाईटल छपवा सकती हैं।

श्री लाडली मोहन निगम : मेरा मतलब दूसरा है। राज्य सरकारों के अपने यहां पाठ्यक्रम अलग-अलग है और केन्द्रीय विद्यालय का भी अलग है। वे अपने-अपने पाठ्यक्रम छापते हैं। मेरा कहना है कि [illegible] सामान्य शिक्षा हो। तो क्या आपका [illegible] सी०ई०आर०टी०, या आपकी मिनिस्ट्री [illegible] जगह सामान्य स्तर की पुस्तकें उपलब्ध नहीं करा सकती है ?

श्री उपसभापति : अगर स्टेट गवर्नमेंट चाहें तो उनकी किताबें छपवा सकती है...

श्री लाडली मोहन निगम : इसमें मेरा विरोध नही है लेकिन वह क्या छपवाएं। इस वास्ते मैंने कहा क्या सारे देश की एकता के लिए कुछ इस बारे में करने की सोच रहे हैं या नही? कोई कमीशन बनाएंगे कि नहीं ?

श्री उपसभापति : वह एक अलग प्रश्न है कि कोर्सेज कैसे हों। यहां मसला दुसरा उठा है। पुस्तकों के वितरण से उसका संबंध नहीं है। कोर्सेज पहले तय हों तब न किताबों के बारे में तय होगा ... (व्यवधान)...

श्रीमती शीला कौल : मान्यवर हर एक स्टेट अपनी किताबें छपवा सकती हैं और ये खास स्कूल हैं जिन के लिए एन०सी०ई०आर०टी० छपा सकता है ... (व्यवधान)...

श्री लाडली मोहन निगम : आपका नुकसान इतना हो रहा है ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति : उसी के लिए तो कंट्रोल हो रहा है। डा० सिद्धू।

DR. M. M. S. SIDDHU (Uttar Pradesh): The Education Minister has said that the cost of printing at the Government press is higher than the cost of printing at the private presses. If this is correct, the no-profit-no-loss basis will be calculated at the higher cost of the Government presses and not at the cheaper cost at which books could be printed. If it is so, what steps is the Government taking to reduce the cost, since the Government presses are having higher costs as far as printing is concerned?

Secondly, there is a certain percentage of loss of paper in the printing and what is that. Because when the cost of the paper is high, then greater profit is made by just not printing the books properly and selling the paper in other channels. Thirdly, I would like to know how many times within five years a book is revised or re-printed. The practice is, where the monopoly is either with the State or with the NCERT, to go on changing the text-books every two years or every year. Therefore, it becomes a greater burden. Most of the books do not have any fundamental changes as far as science, technology or other things are concerned and no new subjects as subjects are introduced. Therefore, how many times within five years a book is re-edited, reprinted, I would like to know. I would also like to say that having a beautiful cover, either in the three colours which have been printed, which is dull or in a bright colours, does not mean any extra cost in the get-up of the book. It only shows that the cover and the diagrams have not been done in a proper colour. It would not have cost a single penny more than the actual cost of the book. Therefore, I would like to know what steps are being taken to have better, more attractive books for small children. Then it was stated that the NCERT has no copyright and anybody can print it. If you allow anybody to print, the State Government can print it and others can print it. Then what is the check to see that nobody prints more than the required number, with the result that those books will sell and the NCERT books will not sell?

Lastly I would like to know what the inventory is of the backlog of books which were not sold for any year for which the honourable Minister may have information within two years. How many books have not been sold and are still lying?

श्रीमती शीला कौल : मान्यवर, जैसा मैंने पहले कहा है, हम कोई कापीराउट एन० सी० ई० आर० टी० की किताबों का नहीं करते हैं ताकि जो स्टेट्स हैं और दूसरे लोग हैं वे इस का फायदा उठा सकें क्योंकि हम सब समझते हैं कि हमारा फर्ज है कि हम अच्छी किताबें बनाएं--प्राफिट हमें लेना नहीं है--हमारे बच्चे ज्यादा से ज्यादा पढ़ सकें।

कितने अरसे में हम किताब बदलते है? मैंने पहले कहा था कि हमारे वहां एक नया फार्मूला बना है। पहले जल्दी-जल्दी किताबें बदली जाती थीं, किताबों की शार्टेज हो जाती थी। एक साल में एक पढ़ी, दूसरी साल में दूसरी बदल दी। पिछले साल यह तय किया गया था—डा० सिद्धू की इनफार्मेशन के लिए—कि 5 साल तक हम किताब नहीं बदलेंगे जिससे किताबों के मिलने में आसानी हो। और आप ने क्या फरमाया था ?

डा० मदन मोहन सिंह सिद्धू : कई बातें कहीं थीं। गवर्नमेंट प्रैस में... आपने फरमाया था कि उन की कीमत

ज्यादा लेते हैं। तो कौनसा फार्मूला है जिस के ऊपर आप नो-प्राफिट नो लॉस केलकुलेट करते हैं?

श्रीमती शीला कौल : मैंने कहा था कि गवर्नमेन्ट प्रेस में बहुत कम जाते हैं, हम पब्लिक, प्राइवेट प्रेस जिस को कहते हैं उस से काम करवाते हैं। अगर हम वहां 100 भेजेंगे तो सरकारी प्रेस में 2 किताबें भेजेंगे। यह परसेंटेज हमारा जाता है, या उससे भी कम होता है। जो मैंने जिक्र किया था बड़े-बड़े प्रेस का था। जो हम को तोहफे के तरीके से बाहर से आये थे उनको इस्तेमाल करेंगे तो बहुत दाम लगते हैं।

श्री उपसभापति : श्री भारद्वाज।

डा० मदन मोहन सिंह सिद्धु : मेरे सवालों का जवाब दिलवा दीजिए।

श्री उपसभापति : थोड़े में सवाल पूछिए, नहीं तो भूल जायेंगे सब।

एक माननीय सदस्य : आप मंत्री जी को कह रहे हैं या उनसे कह रहे है?

श्री उपसभापति : उन से कह रहा हूं।

डा० मदन मोहन सिंह सिद्धु : उप-सभापति जी, गेट अप के लिए नहीं कहा।

श्री उपसभापति : उस का जवाब कुछ वह दे चुकी हैं।

डा० मदन मोहन सिंह सिद्धु : आपने कहा गाजा वगैरहा लगाने में बहुत ज्यादा पैसे लगते हैं। मैं कहता हूं उसी गाजे को.....

श्री उपसभापति : आप ने जो सजेशन दिये हैं उन को वह ध्यान में रखेंगी।

श्री राम चन्द्र भारद्वाज (बिहार) : श्रीमन् एन० सी० ई० आर० टी० की स्थापना जिस उद्देश्य को ले कर हुई थी वह उद्देश्य अब सफलता की ओर तो है, मगर छोटी-छोटी समितियों के कारण ये सवाल उठाने जा रहे हैं जो अभी सुनने को मिले। एन० सी० ई० आर० टी ने बहुत ही प्रशंसनीय कार्य किया है। वियतनाम से कोलेबोरेशन किया है, जापान से पुरस्कृत हुआ है। इस तरह राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में इसने कीर्तिमान स्थापित किया है शिक्षा के मामले में। इस के लिए शिक्षा विभाग, हमारे शिक्षा मंत्री और यह सभी बधाई के पात्र हैं। मगर नीचे के स्तर पर उतर कर जो उस में खामिया आ गयी है वह चिन्ता का विषय हैं। जैसा कि अभी माननीय शिक्षा मंत्री ने कहा, किसी भी राज्य में, कोई भी उस पुस्तक को छाप सकता है। अगर ऐसी छूट है तो फिर तमाम जो सवाल उठाये गये है वह गलत हैं क्यों कि जब कोई छाप सकता है, कोई छाप कर बाजार में बेच सकता है और इतना बड़ा सरकारी तन्त्र उस को यदि बाजार में नहीं पहुंचा पाता है तो आप के प्रकाशक पहुंचा सकते है, जो पुस्तक विक्रेता हैं वह उन बाजारों में पहुंचा सकते है। लेकिन जो कोई कमी है, कहीं कोई बात है जिस की वजह से किताबें नहीं मिल पा रही है। कमी क्या है? मुझे ऐसा लगता है कि पाठ्यक्रम की एकरूपता का जो अभाव हमारे सारे देश में हैं उस के कारण हम न इधर के रह पाते हैं, न उधर के रह पाते हैं। अतः मान्यवर मेरा निवेदन होगा कि अब शिक्षा समवर्ती सूची पर है और अभी तक किसी साफ नीति का निर्धारण नहीं हुआ है। तो क्या ऐसा नहीं किया जा सकता कि सारे देश के लिये पाठ्यक्रम में एक रूपता हो और यह पुस्तक छापने का काम, इनके वितरण का काम विश्व-विद्यालयों को न देकर एन०सी०ई०आर०टी० करे। अगर वह नहीं करता जैसा कि मंत्राणी जी ने कहा कि वह कोई पब्लिशिंग हाउस नहीं है तो एन०सी०ई०आर०टी० माडल पुस्तकें बाजार के लिये रिलीज कर दे और उन को वह ऐसा स्वतंत्र कर दे

[श्री रामचन्द्र भारद्वाज]

कि जो चाहे उन पुस्तकों को छापे और जो चाहे उन को बेचे। दो में से एक नीति आप को अपनानी पड़ेगी नहीं तो आये दिन हल्ला होता रहेगा और बाजार में हमारे प्रकाशक, जो गैर-सरकारी प्रकाशक हैं वे कुंजी के नाम पर या गाइड्स के नाम पर तरह-तरह की चीजें जोड़ कर इन पुस्तकों को छापेंगे और जो उद्देश्य था एन सी ई आर टी का कि कम पैसे पर सामान्य जनता को, सामान्य परिवार को पुस्तकें उपलब्ध हो सकें वह उद्देश्य पूरी तरह से फस्ट्रेट हो जायेगा। वह उद्देश्य आगे नहीं बढ़ सकेगा। मैं माननीया मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे इस संबंध में सोचें और संभव हो तो आश्वासन दें कि पाठ्यवस्तु की एकरूपता और कीमत की एक रूपता कायम होगी। अगर पुस्तक में गैर-सरकारी प्रकाशक कुछ बढ़ा देता है या घटा देता है तो आप क्या करेंगे। अगर किसी का कापी राइट नहीं है तो वह ऐसा कर सकता है। अतः इस काम को शिक्षा मंत्रालय अपने हाथ में रखे। मेरा निवेदन है कि बिचौलियों का काम खत्म किया जाये और यदि इंफार्मेशन और ब्राडकास्टिंग मिनिस्ट्री द्वारा इन पुस्तकों का प्रकाशन हो, वितरण हो और एन० सी० ई० आर० टी० के द्वारा उन को लिखाया जाये तो इन दोनों के बीच में पूरा कोआर्डिनेशन हो। आज इन में कोई कोआर्डिनेशन नहीं है, कोई सहयोग नही है और यही इस सारे विवाद का कारण है। इसलिये मेरा शिक्षा मंत्री जी से स्पष्ट निवेदन है कि या तो पूर्णतया एन० सी० ई० आर० टी० को एक पब्लिशिंग हाउस के रूप में स्थापित किया जाये या इसे वितरक के रूप में रखा जाये क्योंकि मुझे मालूम है कि अरविन्द मार्ग पर एक वितरण का कार्यालय भी है और लाख रुपये प्रति माह उस पर खर्च हो रहे हैं। सौ आदमी उसमें काम कर रहे हैं। तो क्या जरूरत है कि बिचौलियों को हम बीच में लायें। अगर इंफार्मेशन एण्ड ब्राडकास्टिंग मिनिस्ट्री के साथ मिल कर बाजार के प्रकाशक उन पुस्तकों को बाजार में बेचते हैं और साथ में स्वयं अपनी पुस्तकें बेचते हैं और नोट्स बेचते हैं और बदनाम हम होते हैं तो उस को रोकने की कोशिश होनी चाहिए। मैं माननीया मंत्री जी से यह भी निवेदन करूंगा कि और भी कुछ बातें हैं। जो विषमता पैदा करती है। उन की ओर संकेत करते हुए मैं अनुरोध करूंगा कि वे ऐसी बातें करें कि यह विषमता मिटे। जैसे उत्तर और दक्षिण के बीच में विषमता यह है कि 20 प्रतिशत जहां हम दक्षिण भारत को कमीशन देते है वहां दिल्ली को 15 प्रतिशत ही देते हैं और साढे बारह प्रतिशत उत्तर के अन्य राज्यों को देते हैं। तो यह विषमता क्यों हैं यह मेरी समझ में आने लायक बात नहीं है। इस विषमता को दूर होना चाहिये।

मान्यवर दिल्ली हिन्दी भाषी राज्य है, क्षेत्र है और दिल्ली में ही हिन्दी की पुस्तकें उपलब्ध नहीं होतीं; जब दिल्ली में हिन्दी की पुस्तकें मांगी जाती हैं तो कहा जाता है कि यह हिन्दी की पुस्तकें चंड़ीगढ़ के लिये छपी हैं इसलिये यह पुस्तकें चंडीगढ़ जायेंगी। तो मेरा निवेदन है कि भाषा को किसी क्षेत्र में बांधना ठीक नहीं है। जहां के लोग जिस भाषा की पुस्तक चाहें वह उन को उपलब्ध होनी चाहिये।

अंतिम बात यह निवेदन करूंगा कि यह जो सूचना और प्रसारण मंत्रालय का प्रकाशन विभाग है उस के यहां वितरण की जो प्रणाली है उस के अनुसार 1500 पुस्तक विक्रेताओं को पंजीकृत कर रखा गया है और उन को कठिनाइयां होती हैं। वह यहां आते हैं और सुपर बाजार में इंडेंट देते हैं। दूसरे दिन उन से पैसा जमा

कराया जाता है और फिर तीसरे दिन उनको पुस्तकें मिलती हैं। इस प्रकार से अगर किताबों का विक्रय होगा तो यह काम इसी तरह से आगे पीछे होता रहेगा और हम कुछ नहीं कर सकेंगे।

श्रीमती शीला कौल : मान्यवर, इससे पहले कि मैं कुछ कहूं मैं यह साफ जाहिर करना चाहती हू कि जो कापीराइट की बात मैं कर रहीं हूं, वह स्टेट के जो सरकारी स्कूल हैं, उनके लिये हैं। यह जो इम्प्रेशन है कि हर एक आदमी एन० सी० ई० आर० टी० की किताबों को छाप सकते हैं, ठीक नहीं है। लेकिन जो सरकारी स्कूल है, अगर वह चाहें तो उनको इजाजत है बगैर कापीराइट के छापने की।...

श्री उपसभापति : प्रदेश सरकारों को यह अधिकार है कि छापें, यह आपने कहा।

श्रीमती शीला कौल : जी हां, । आई० एंड बी० का जहां तक जिक्र किया गया है, उसमें कोई घपला नहीं है। जो लोग जाते हैं वह कंफ्यूज हो जाते हैं। उसमें कुछ रूल्स हैं। वह यें हैं कि आप जायें, वहां आर्डर दें, रजिस्टर करायें कि हमको चार हजार या तीन हजार किताबें चाहिये। लेकिन कुछ लोग वहा जाते है कहते हैं कि हमको 18 हजार किताबें चाहिए। तो जो किताबें हैं वे बराबर, ईक्वल डिस्ट्रीब्यूशन के लिये होती है, इनकी बड़ी एंमाउट नहीं मिलती जिसे वे होर्ड कर लें और बाद में उनका इस्तेमाल करें। इसलिये उनको शिकायत है कि आई० एंड बी० का डिस्ट्रीब्यूशन ठीक नहीं है।

SHRI SANTOSH MITRA (West Bengal): Mr. Deputy Chairman, the NCERT is a national organisation which has earned a good names. But, Sir, its reputation has started diminishing recently because of the machinations of the vested interests at different levels at the level of the Government organisations, at the level of the NCERT itself and at the level of the Central Board of Secondary Education and these are there for the purpose of benefiting the private publishers. Sir, the honourable Minister now gave certain reasons for the increase in the prices of textbooks which are not tenable at all because the NCERT is getting paper free, is getting subsidized paper and no royalty is given to the writers because the expert staff is there for writing these books. Why then is this rise in prices? It is just to facilitate the sale of private publishers' books whose prices are less than the prices of the NCERT books. How is the cost manipulated? I will cite one example. The prices are increased by manipulating the input costs just by saying that NCERT has paid Rs. 18 lakhs as godown charges. One garment factory owned by the relatives of the Vigilance Officers at Badarpur was hired for Rs. 8 lakhs per year though it was not a godown for books. This is one instance and I do not want to go into all the other details. So, what I say is that there are no reasons for increasing the prices of books. But these things are going on because of certain other irregularities. An inquiry should be made into all these things. There is one thing about the books published by the private agencies in the prescribed list of the Central Board of Central Education. This practice shows that to give advantage to the private publishers this is being done. And, Sir, who has done it? In this connection, I would like to mention one thing. The Incharge of the Publication Unit, Head of the Publication Unit, was rejected thrice by the Selection Committee in 1979. But the same person has been selected by manipulation and his assistant also, the Chief Production Officer, whose selection also was rejected, has been appointed through manipulation recently. These are the two irregularities and these people I think, a section of these people, indulge in this sort of irregularities. So, I want

[Shri Satish Mitra]

to put certain questions to the honourable Education Minister. Why should the Central Board of Secondary Education prescribe private textbooks at all?

3.00 P.M.

No. 2, why the increase was exorbitant in the prices of books in the primary classes? No. 3, why can't the NCERT utilise the field units in the States for effective distribution and timely availability to the schools? Why can't the NCERT make use of Government godowns ,Another point, which may augment the income of the NCERT: Why can't the NCERT auction the paper declared unfit instead of disposing it off? Besides these, I want to make two more points. Why is there no film production for educational use being made in spite of a staff of 20 persons in the Centre for Educational Technology Film Unit? Why was Madhu Jhulka, producer, TV films, appointed for a contract of one year, sent to West Germany for a three week training, whereas permanent employees were not sent? My last point, Sir. There is some talk of NCERT Secretary seeking information about the progress report on the 20-point programme, Congress (I) manifesto. How does it come under the scope of the NCERT—seeking this information regarding the progress of these points of Congress (I) manifesto?

Sir, I demand an inquiry into the whole affairs of the NCERT. This malady is going on in the NCERT administration about the distribution of books and about the rising prices.

SHRIMATI SHEILA KAUL: For the kind information of the hon. Member, I would like to inform you that the NCERT does not get free paper. For the paper that it gets it has to pay to the Education Ministry. So, to say that it is free paper and the books should be cheap is not quite correct.

SHRI SANTOSH MITRA: Madam, are they not getting at subsidized rates?

SHRIMATI SHEILA KAUL: They have to pay a small amount. The paper they get free but the cartage has to be paid. The paper has to be brought to Delhi. And there are also godown charges to be paid.

For the information of the hon. Member, I would like to say that CBSE is an autonomous body and it has its own rules and regulations and it works according to that. Now, a mention is made about the 20-point programme. The 20-point programme is a programme of the Government, and it is not a party programme. So the Government has to ask about the progress made in this direction about education, about irrigation and other things.

SHRI SANTOSH MITRA: This is a programme of the party. This is the circular issued by the Secretary...

SHRIMATI SHEILA KAUL: It is a programme of the Government; you must know. Of course, it is Congress (I) Government. (*Interruptions*)

DR. MALCOLM S. ADISESHAIAH (Nominated): Mr. Deputy Chairman, I am somewhat in disagreement with my colleagues on both sides in regard to this question, the basic question that has been put. We are talking of the National Council of Educational Research and Training. It is not the function of the National Council to publish text books for schools. No more than it is the function of the CSIR, Council of Scientific and Industrial Research, on which the NCERT is modelled, to publish science books for the Universities. The CSIR does not publish a single textbook. Now, the NCERT is the highest educational research and training agency in the country.

As the Minister said, what they were meant to do was to publish certain prototype manuscripts in areas where the subject had to be brought up-to-date or changed or reformed

and not to supply schools with textbooks. When I was at the UNESCO and I made available 10 scientific experts who sat for 4 to 5 years in the NCERT and who helped in remodelling Physics and Chemistry text books. My question to the Minister is this. I know that the Government has set up a Committee which is now enquiring into the functioning of the NCERT. I have been asked to appear before it and I will do that. It is in order to examine the functioning of NCERT. The Minister should look into this thing so that it does not become an ordinary book publishing agency. If it is that, it will serve only some schools. This is the first danger.

The second danger is this. As we saw in the last Government regime, during the Janata Government, Government begins to interfere in the preparation of textbooks or in the modelling of textbooks. There were some questions to the effect that Marxism had entered into some geography or history textbooks. Some enquiry was also sought to be made. But it did not go very far. My question is: Will the Minister agree with me that it is not the function of the NCERT to publish textbooks and that it is the function of the NCERT to monitor the textbooks that are being published all over the country? Secondly, is it the function of the NCERT to produce prototype where some reform in the content is required. These are the two things. Further, I would like to say that as far as the State Governments are concerned and my own State is concerned, I may say that the main motivation in taking over textbooks by the State Governments was because it is one of the most profit-earning sources. Therefore, it was taken over. I must say as an educationist that there is not much of difference between what is published by the private sector after monitoring by the Boards of Selection and what is being published in the States. Therefore, I think that this question should be debated in the Council that has been set up.

SHRIMATI SHEILA KAUL: Sir, I have already mentioned that there is a task force and the hon. Member himself is there to give his views. Also, the NCERT is producing only the prototype books which can be used by others. That is exactly what he wants that they should not become publishing houses and that they should create books on prototype basis. Also, the State Governments should not become profit-earning agencies.

AN HON. MEMBER: This is not what he said.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The first point to which you replied was his question.

SHRIMATI SHEILA KAUL: Is that all right?

REFERENCE TO THE DUAL PRICE POLICY IN RESPECT OF SALE OF CEMENT

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Special Mentions.

श्री अश्विनी कुमार (बिहार) : उपसभापति महोदय, सरकार ने 27 फरवरी को सीमेंट के दामों की दोहरी नीति लागू की है। पहले सीमेंट का दाम कंट्रोल में

[उपसभाध्यक्ष (डा० रफीक जकरिया) पीठासीन हुए]

29रु० था, लेकिन कई जगहों पर यह 40रु०, 50रु० और 60रु० तक बिका था। तो इन दोनों दामों के बारे में देश के अंदर बहुत असंतोष था और देश में सीमेंट की कमी हो रही थी और सीमेंट के ऊपर ब्लैक चल रहा था और जिसके कारण बम्बई का अन्तुले कांड बहुत प्रसिद्ध हुआ, जिसमें सीमेंट की बहुत सारी चर्चा आई। सरकार ने, उस सीमेंट के ऊपर जो ब्लैक चल रहा था, उसको एक प्रकार से अपनी सहमति दे दी और नये दाम 40-43 रुपये कर दिये जिसमें सीमेंट